प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से स्वच्छता का जीवन में अपनाने का किया आग्रह : करीब 10 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं किया उद्‌घाटन।
2. प्रदेश भर में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनको जयंती पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि : 155 घंटे के नॉनस्टॉप महासफाई अभियान का हुआ समापन।
3. जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस ने वाराणसी का किया दौरा : भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ का किया भ्रमण, गंगा आरती में हुए शामिल।

और

4. कल से शुरू होंगे शारदीय नवरात्र : अयोध्या के श्रीराम मंदिर में बदल जायेगा रामलला के दर्शन और मंगला आरती का समय।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता की प्रतिबद्धता जीवनभर की प्रतिज्ञा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे हाने के अवसर पर आज नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा 2024

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है। बाइट.........

*जिस भारत का सपना गांधी जी और देश की महान विभूतियों ने देखा था वह सपना हम सब मिलकर के पूरा करें आज का दिन हमें यह प्रेरणा देता है। आज दो अक्टूबर के दिन मैं कर्तव्यबोध से भी भरा हुआ हूं, और उतना ही भावुक भी हूं। आज स्वच्छ भारत मिशन को, उसकी यात्रा को 10 साल के मुकाम पर हम पहुंच चुके हैं यह यात्रा करोडों भारतवासियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।*

प्रधानमंत्री ने आज स्वच्छता और साफ–सफाई से जुड़ी 9 हजार 6 सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। इन परियोजनाओं में अमृत और अमृत 2, स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन और गोबरधन योजना के तहत 15 संपीड़ित बायोगैस संयंत्र परियोजनाएं शामिल हैं।

———————————

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज प्रदेशभर में उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा कार्यक्रमों के माध्यम से महात्मा गांधी और शास्त्री जी के

व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीपीओ स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बापू आजादी के महानायक थ। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम में चरखा चलाया और खादी के वस्त्रों की खरीदारी की। उन्होंने प्रदेशवासियो से त्योहारों पर खादी की वस्तुए खरीदने और स्वदेशी वस्तुओं को उपहार में देने का भी आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति उन अभियानों को बढ़ावा देना है, जिनकी प्रासंगिकता आज भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मिशन को दस वर्ष पहले प्रारम्भ किया था, जो आज भी नई ऊंचाई को प्राप्त कर रहा है। बाइट....

*देश के अंदर बारह करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण यह ना केवल स्वच्छता के प्रति उनकी आग्रह, बल्कि नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने एक अभियान भी है। नारी सशक्तिकरण के बगैर आप समाज को सुदृढ़ नहीं कर सकते, स्वावलंबी नहीं बना सकते। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के महत्वपूर्ण वचन थे स्वच्छता के लिए, नारी सशक्तिकरण के लिए, स्वदेशी के लिए और स्वावलंबन के लिए इनकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धाजंलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शास्त्री भवन में शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि जय जवान–जय किसान के उद्घोष से शास्त्री जी ने राष्ट्र में नवचेतना का संचार किया था।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लखनऊ के  संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने सफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए श्रमदान भी किया। अनुप्रिया पटेल ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उधर, महराजगंज में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महात्मा गांधी को श्रद्धाजंलि अर्पित की और वृक्षारोपण एवं श्रमदान कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंन महराजगंज महोत्सव का कल देर शाम शुभारम्भ भी किया।

———————

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाई गई। सभी निकायों में श्रमदान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अन्तर्गत निकाय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों और स्वच्छता चैम्पियनों को सम्मानित किया गया। वहीं 26 सितम्बर से चल रहे 155 घंटे के नॉन स्टॉप महासफाई अभियान का भी आज समापन हो गया। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ के मार्टिनपुरवां में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन करते हुए श्रमदान किया।

———————

जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस अपने भारत दौरे के तहत आज एक दिन के लिए वाराणसी पहुंचे। यहां हवाई अड्डे पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने उनका स्वागत किया। उन्होंने भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ का भ्रमण किया। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से......

*जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ पहुंचे, जहां उन्होंने संग्रहालय में मौजूद ऐतिहासिक अवशेषों और प्रतीक चिन्हों को देखा। सारनाथ के संग्रहालय में मौजूद राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ को देखकर वह विशेष रूप से प्रभावित हुए। उन्होंने वहां प्रदर्शित प्राचीन पत्थरों और खंडहरों का भी अवलोकन किया। शाम को उन्होंने ट्रेड फैसिलिटी सेंटर जाकर भारत के सिल्क के हुनर को देखा। इसके बाद पीएम एंड्रयू होलनेस नमो घाट से क्रूज पर सवार होकर दशाश्वमेध घाट पहुंचें, और विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती का आनंद लिया। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 30 नवंबर को कमर्शियल उड़ानों का परीक्षण किया जाएगा। यह फ़ैसला कल नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डीजीसीए की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुणवीर सिंह ने बताया कि बैठक में कमर्शियल उड़ानों की शुरुआत से पहले उड़ान अनुसूची निर्धारित करने और आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र हासिल करने की समयसीमा तय की गई। उन्होंने कहा कि कमर्शियल उड़ानों के परीक्षण में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया समेत दो एयरलाइंस हिस्सा लेंगी। बाइट........

*आईरस प्रोसीजर्स के लिए और एयरोरुम लाइसेंसिंग के लिए एप्लाई दिसंबर में कर दिया जाएगा। मैक्सिमम नब्बे दिन में डीजीसी से लाइसेंस मिलता है तो उम्मीद करते है की मार्च में लाइसेंस मिल जाएगा जो एक पब्लिकेशन या एआईपी पब्लिकेशन होता है जो आईआईटी के वेबसाइट पर करना पड़ता है और पूरी दुनिया को बताना पड़ता है की ये इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया में आ रहा है और इसके पब्लिश होने के बाद टिकट बुकिंग भी शुरू हो जाएगी पहले दिन ही एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट कम से कम या एक से ज्यादा और डोमेस्टिक फ्लाइट भी सारी शुरू होंगी।*

——————————

शारदीय नवरात्र कल से शुरू हो रहे हैं, प्रदेशभर के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में तैयारियां पूरी कर ली गई है। मिर्जापुर के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां विन्ध्यवासिनी के धाम में आज मध्य रात्रि से मेला शुरू हो जायेगा।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिये व्यापक प्रबंध किये गये हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं क लिये परिवहन विभाग अतिरिक्त बसें चला रहा है। वहीं गोरखपुर की तपोस्थली गोरक्षपीठ में मां आदिशक्ति की पूजा अर्चना की जायेगी। नवरात्र के पहले दिन गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कलश स्थापना करेंगे।

————————

अयोध्या क राममंदिर में श्रीरामलला की दर्शन अवधि और मंगला आरती के समय में परिवर्तन किया गया है। कल से शुरू हो रहे नवरात्र के प्रथम दिन से यह बदलाव लागू होगा। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से.....

*श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने जानकारी दी है कि श्रीरामलला की सुबह चार बजकर तीस मिनट से 10 मिनट तक मंगला आरती की जायेगी, उसके बाद साढ़े छह बजे तक भगवान का ऋंगार, अभिषेक और श्रंगार आरती होगी। सुबह सात बजे से श्रीरामलला का दर्शन शुरू होकर 09 बजे तक होगा, पांच मिनट बाल भोग के लिए पट बंद होने के बाद 11 बजकर 45 मिनट तक राम भक्त दर्शन सुचारू रूप से कर सकेंगे। दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक भगवान का पट बंद रहेगा। दोपहर 1 बजकर 35 बजे से पुन रामलला का दर्शन शुरू हो जाएगा, जो 4:00 बजे तक चलेगा। 5 मिनट के लिए भगवान के पट बंद होने के बाद 6 बजकर 45 मिनट तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। शाम 7:00 बजे संध्या आरती होगी, उसके बाद साढ़े आठ बजे तक लगातार राम भक्त पुनः दर्शन कर सकते हैं। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

————————

बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित उपचार और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

——————————